भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2528

(09 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए)

पीएमजीएसवाई के अंतर्गत प्रस्ताव

2528. श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोरः

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तृतीय चरण में गुजरात विशेषकर दाहोद जिले के लिए स्वीकृत प्रस्तावों की कुल संख्या कितनी है;
(ख) गुजरात में दाहोद जिले हेतु स्वीकृत प्रस्तावों का प्रस्ताव-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या यह सच है कि गुजरात को उक्त प्रस्तावों पर कार्य आरंभ करने हेतु कोई निधि आबंटित नहीं की गई है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

ग्रामीण विकास मंत्री

(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (घ): प्राथमिक तौर पर गांवों को ग्रामीण कृषि बाजारों, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों तथा अस्पतालों से जोड़ने वाली ग्रामीण सड़कों को सुदृढ़ करने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-III (पीएमजीएसवाई-III) को शुरू करने का प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है।

*****